दिन– गुरुवार दिनांक– 17 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल समेत महागठबंधन में शामिल दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज पटना में हो रही है। राजद के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, वामपंथी दलों के वरिष्ठ नेता और विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी बैठक में मौजूद हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बैठक में महागठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच सीटों पर समझौता और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम समेत चुनावी रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। हाल ही में एनडीए से अलग हुए पशुपति कुमार पारस की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को महागठबंधन में नया सहयोगी दल के रूप में शामिल करने पर भी चर्चा होने की संभावना है।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा है कि राज्य की जनता ने महागठबंधन को नकार दिया है। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री सरावगी ने कहा कि महागठबंधन को बैठकों से कोई लाभ नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश के एनडीए सरकार चौतरफा विकास कर रही है। श्री सरावगी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को बड़ी बढ़त मिलेगी।

————————————————————————

एक बिल्डर से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में फरार आरोपित दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव ने आज दानापुर व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसी मामले में सह आरोपी के कई सहयोगियों ने भी आत्मसमर्पण किया है। अदालत ने इन सभी को न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेज दिया है। इस मामले में पिछले दिनों पुलिस और एसटीएफ ने विधायक के ग्यारह ठिकानों पर छापेमारी की थी।

———————————————————————————

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति बी आर गवई के नाम की सिफारिश की है। वर्तमान प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति खन्ना का कार्यकाल तेरह मई को समाप्त हो रहा है। चौदह मई को श्री गवई देश के बावनवें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। न्यायमूर्ति गवई तेईस नवम्बर दो हजार पच्चीस तक इस पद पर अपनी सेवा देंगे।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन वाली पैंतीस दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है। इनमें दर्द निवारक, पोषण संबंधी और मधुमेह रोधी विभिन्न दवाएं शामिल हैं। औषधि नियामक संस्था सीडीएससीओ ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को पत्र निर्गत किया है।

———————————————————————————

राज्य के पूर्वी भागों में कई स्थानों पर काल बैसाखी के प्रभाव से आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की घटना हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्णिया के रजौना में सबसे अधिक बाईस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–पानी, मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान बांका, भागलपुर, मुंगेर, सुपौल, अररिया और किशनगंज समेत राज्य के उतर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————

स्कूली बच्चों में छिपी खेल प्रतिभा तराशने के लिए मशाल कार्यक्रम की पच्चीस अप्रैल से एक बार फिर शुरूआत होगी।

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने पच्चीस वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।